और केन्द्रीकरण ~~सम्बन्ध~~ के अध्ययन जुड़ा है।

## तुलनात्मक शासन व राजनीति :—

तुलनात्मक राजनीति की प्रकृति व क्षेत्र के समझने से पूर्व यह आवश्यक है कि हम तुलनात्मक राजनीति व तुलनात्मक शासन के बीच अंतर को समझ लें। सामान्यतः दोनों शब्दों का प्रयोग परस्पर एक-दूसरे के लिए (Interchangeable) किया जाता है परंतु दोनों में अंतर है। परम्परागत रूप से राजनीति के तुलनात्मक अध्ययन को 'तुलनात्मक शासन' की संज्ञा दी जाती थी। तुलनात्मक शासन में, विभिन्न राज्यों की राजनीतिक संस्थाओं की विशेषताओं व कानूनी शक्तियों अध्ययन शामिल है। तुलनात्मक शासन की मुख्य विशेषताएँ हैं: —→ विभिन्न देशों की राजनीतिक संस्थाओं के अध्ययन पर बल, विभिन्न देशों में कार्यरत राजनीतिक संस्थाओं की शक्तियों व कार्यों के अध्ययन पर बल, विश्व के मुख्य संविधानों की विशेषताओं व शक्तियों के अध्ययन पर बल, संगठन व शक्तियों का औपचारिक अध्ययन आदि तुलनात्मक सरकार के अध्ययन के आधारभूत विषय थे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों में, आदर्श राजनीतिक संस्थाओं के सिद्धांत (to build a theory of ideal Political Institution) स्थापित करना था।

संक्षेप में, तुलनात्मक शासन और राजनीति के क्षेत्र में हम लोग 'राजनीतिक संस्थाओं, व्यवहार और आधुनिक शासन की प्रमुख व्यवस्थाओं की प्रक्रियाओं का अध्ययन करते हैं' इसका प्रमुख उद्देश्य विभिन्न देशों की सरकारों और राजनीति में व्याप्त समानताओं तथा असमानताओं का विश्लेषण करना है ताकि भविष्य में सर्वमान्य सिद्धांत प्रतिपादित

05 MONDAY FEBRUARY
Week 06 036-329

JAN - 2018

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

किए जा सके दूसरे विश्व युद्ध के पश्चात राजनीतिक वैज्ञानिक विभिन्न शासन के तुलनात्मक अध्ययन से संतुष्ट नहीं रहे और उन्होंने शासन प्रणालियों की राजनीति और वास्तविक व्यवहार का भी अध्ययन करना प्रारंभ कर दिया। इस प्रकार धीरे धीरे तुलनात्मक संस्थाओं का स्थान तुलनात्मक राजनीति ने लिया। मेक्रीडिस ने ठीक कहा है कि तुलनात्मक राजनीतिक संस्थाओं के अध्ययन को तुलनात्मक कहना उचित नहीं क्योंकि इसके अंतर्गत केवल विदेशी सरकारों उनके स्वरूप और उनके औपचारिक संगठन का वर्णन वैधानिक ढंग से किया जाता था इसके विपरीत तुलनात्मक राजनीति के अंतर्गत विभिन्न सिद्धांतों तथा राजनीतिक व्यवस्थाओं के वास्तविक व्यवहारों का भी अध्ययन किया जाता है। दूसरे शब्दों में, तुलनात्मक अध्ययन अब केवल सरकारों के अध्ययन तक ही सीमित नहीं अपितु इसका प्रयोग राजनीति तथा राजनीतिक व्यवस्थाओं के अध्ययन के लिए भी किया जाता है।

1.12.2022

20वीं शताब्दी में, समय के साथ हुए राजनीतिक विकास, परिवर्तनों व राजनीतिक वैज्ञानिकों की नई पीढ़ी ने तुलनात्मक सरकार के संकुचित क्षेत्र, अवैज्ञानिक विधि, औपचारिक-कानूनी-संस्थागत और आदर्शवादी उपागम में बदलाव की जरूरत महसूस की। इनके प्रयासों के परिणामस्वरूप ही राजनीतिक प्रक्रियाओं के विस्तृत, यथार्थवादी वैज्ञानिक अध्ययन ने तुलनात्मक सरकार के क्षेत्र की वृहद रूपरेखा दी जिसे हम तुलनात्मक राजनीति के नाम से जानते हैं।

2018

UPSC :- UNION PUBLIC SERVICE COMITION

## तुलनात्मक राजनीति :- अर्थ एवं परिभाषाएँ

MAR - 2018

| M | T | W | T | F | S | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

TUESDAY
FEBRUARY
06
037-328 Week 06

तुलनात्मक राजनीति में, विश्व की राजनीतिक व्यवस्थाओं (System) का व्यवस्थित (Systematic) और तुलनात्मक अध्ययन शामिल है। यह व्यवस्थित इसलिए है क्योंकि यह सभी राजनीतिक व्यवस्थाओं में विभिन्न पैटर्नों, नियमितताओं (regularities) और नई प्रवृत्तियों (trends) का अध्ययन करता है वहीं दूसरी और तुलनात्मक इस अर्थ में है जब यह व्यवस्थाओं और उनके बीच समानताओं, विभिन्नताओं के साथ ही साथ विकासात्मक परिवर्तनों का वर्णन करता है,

MARCH
APRIL

Scanned with OKEN Scanner